[श्री शिवकुमार सिंह ठाकुर]

मैं सिंचाई मन्त्री जी से इस अविलम्बनीय लोक महत्व के प्रश्न पर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निवेदन करता हूं।

(II) FINANCIAL ASSISTANCE FOR RELIEF WORK IN FAMINE—AFFECTED AREAS OF RAJASTHAN, SPECIALLY BARMER AND JAISALMER.

**श्री वृद्धि चन्द्र जैन** (बाड़मेर) : राजस्थान प्रान्त का पश्चिमी भाग विशेषत: थार रेगिस्तान का भाग बाड़मेर एवं जैसलमेर लगातार चार वर्षों से और प्रान्त का अन्य भाग दो, तीन वर्षों से भयंकर अकाल से पीड़ित है। यह अकाल राज्य का शताब्दी का सबसे बड़ा अकाल है। यह राष्ट्रीय विपदा है।

राज्यों के सीमित साधनों के कारण प्रदेश में और विशेषत: बाड़मेर, जैसलमेर, पाली एवं जोधपुर जिलों में अकाल राहत कार्य बहुत कम संख्या में खोले जाने के कारण लाखों व्यक्ति बेरोजगार हैं। वे भुखमरी की स्थिति में पहुँच गये हैं और वे कई रोगों के भी शिकार हो गये हैं। हजारों पशु मृत्यु के शिकार हो गये हैं। पीने के पानी के संकट ने विकराल रूप धारण कर लिया है। राज्य उक्त जिलों में टैंकरों द्वारा पानी सप्लाई कर रहा है जो प्रति व्यक्ति औसत आधा गैलन भी नहीं मिलता। बिजली के संकट ने अकाल की विभीषिका को और बढ़ा दिया है। ग्रामीण जल प्रदाय योजनायें बिजली के संकट के कारण अपर्याप्त पानी दे रही हैं जिससे ग्रामीणों और उनके मवेशियों को पानी नहीं मिलने से ग्रामीण जनता में घोर असंतोष है।

राज्य में अध्ययन दल ने दौरा किया था और उसने भी जो रिपोर्ट प्रस्तुत कर राज्य को सहायता के लिए निर्णय लिया वह भी निराशाजनक है। राज्य ने इस वर्ष सूखे के मुकाबले के लिए 255.13 करोड़ रु० की मांग की थी जिसमें 162 करोड़ रु० राहत कार्यों के लिए मांग की थी जिसमें सिर्फ गैर योजना कार्यों के लिए 3.36 करोड़ और अग्रिम योजना के तहत 36.16 करोड़ रु० की सीलिंग तय की जिसमें राज्य को सिर्फ 23.80 करोड़ रु० मजदूरों को अकाल राहत कार्यों में लगाने के लिये दिए गए जो अकाल की भीषणता को देखते हुए अपर्याप्त हैं।

अत: कृषि मन्त्री से आग्रह पूर्वक निवेदन है कि वे राजस्थान के विकराल अकाल का मुकाबला करने के लिए विशेष परिस्थितियों को देखते हुए वित्त मन्त्रालय के पत्र सं० एफ 43 (1) पी० एफ० आई०/79 दि० 25-4-79 पैरा 8 डी के अनुसार तुरन्त से तुरन्त 100 करोड़ रु० अनुदान के तौर पर राज्य को सहायता दे ताकि राज्य की जनता एवं पशुओं को भुखमरी से बचाया जा सके।

2. बाड़मेर एवं जैसलमेर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में पीने का पानी टैंकरों द्वारा पहुँचाये जाने के लिए सेना की सेवाओं को उपयोग में लेने के लिए रक्षा मन्त्री जी का ध्यान आकर्षित करें।

3. अकाल राहत क्षेत्रों में पशुओं को बचाने के लिए रेलवे ट्रांसपोर्ट की मुफ्त सहायता के लिए रेलवे मन्त्री जी का ध्यान आकर्षित करें।

(III) IMPLEMENTATION OF PURI COMMITTEES RECOMMENDATION ABOUT PAYSCALES OF NON-INDUSTRIAL WORKERS IN MINISTRY OF DEFENCE.

**श्री आर० एन० राकेश** (चैल) : रक्षा मन्त्रालय में कार्य मूल्यांकन करने और